सरकारी दरों पर सफल इलाज
आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य ECHS / CGHS / TPA
कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज
पंजीकरण के समय आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर अवश्य लाएं
*T&C Apply
दवाओं की खरीद पर 10% तक की छूट
मात्र 4 घंटे में CT Scan और MRI की रिपोर्ट प्राप्त करें

| | SPECIAL RATE | NORMAL RATE |
|---|---|---|
| X-RAY | ₹150/- | ₹400/- |
| ULTRASOUND | ₹300/- | ₹800/- |
| CT SCAN | ₹1200/- | ₹3500/- |
| MRI | ₹2200/- | ₹5500/- |

नोट: कन्ट्रास्ट स्कैन पर ₹1200/- अतिरिक्त देय होगा
एंडोस्कोपी : ₹2,500/-
कोलोनोस्कोपी : ₹5,500/-
ब्रोंकोस्कोपी : ₹7,000/-
अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी सर्जनों के साथ सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध
NARAINA MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL KANPUR
नारायना हॉस्पिटल
सुपर स्पेशियालिटी – 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
(इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज)
गंगागंज, पनकी कानपुर
द्वारा आयोजित
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
01 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक
स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर समयः प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक
सभी विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श
अब हर रोगी की पहुँच में उत्तम सर्जरी, अच्छा इलाज, आधुनिक सुविधाएं युक्त सरकारी एवं किफायती दरों पर
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
नेफ्रोलॉजी विभाग (किडनी रोग विशेषज्ञ)
• किडनी की सभी बीमारियों का उपचार
• डायलिसिस की सुविधा
• किडनी फेल्योर एवं हाई ब्लड प्रेशर का प्रबंधन
यूरोलॉजी विभाग
• पथरी (किडनी/मूत्राशय) का इलाज
• प्रोस्टेट की समस्या का उपचार
• मूत्र संबंधी सभी रोगों की सर्जरी एवं इलाज
न्यूरोलॉजी विभाग
• मस्तिष्क एवं नसों के रोगों का उपचार
• स्ट्रोक, मिर्गी (Epilepsy), माइग्रेन का इलाज
• लकवा (Paralysis) एवं न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की
24x7 सुविधायें: आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एम.आर.आई • सी.टी.स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • ब्लड बैंक • पैथोलॉजी एवं बायोपसी • डायलेसिस • ऑक्सीजन प्लांट • वेंटिलेटर एम्बुलेंस • एम्बुलेन्स • मेडिकल स्टोर • ई.सी.जी. • एन.सी.वी. • ई.एम.जी. • ई.सी.टी.
24 घंटे इमरजेन्सी सुविधा एवं नारायना अस्पताल से 3 किमी. तक एम्बुलेन्स की सुविधा बिल्कुल मुफ्त
फोन करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें 7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net


# नए सत्र के लिए आ गईं कक्षा एक व दो की भी किताबें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहली बार सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को समय पर मिल सकेंगी निशुल्क पुस्तकें
- करीब 11 लाख के सापेक्ष 09 लाख किताबें जिले पर आईं, भेजी जा रहीं सभी बीआरसी

**अमृत विचार।** प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को इस बार समय पर निशुल्क किताबें मिल सकेंगी। खास बात यह है कि कक्षा एक व दो के बच्चों की पुस्तकें हर बार देरी से आती थीं, लेकिन अबकी जिला मुख्यालय पर आ गईं हैं।

परिषदीय स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र 2026- 27 पहली अप्रैल से शुरू होगा। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि मंगलवार को भी एक ट्रक भरकर किताबें बीआरसी सदर में पहुंचीं हैं। उन्होंने बताया कि परिसर के कक्षों में किताबों के बंडल रखे गए हैं। यहां से जनपद के सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों में पुस्तकें भेजी जा रहीं हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि कक्षा 01 से 08 तक के करीब 01 लाख 20 हजार छात्र- छात्राएं पंजीकृत हैं उनको निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जातीं हैं। ज्यादातर पुस्तकें आ गईं हैं। सत्यापन के बाद वितरण शुरू हो जाएगा। सबसे पहले कक्षा 06 से 08 तक की किताबें जनपद में आती हैं।

हालांकि इस बार कक्षा 01 व 03 की भी किताबें आ चुकी हैं। अब 02 लाख के करीब ही पुस्तकें आनी बाकी हैं।


बीआरसी सदर परिसर में ट्रक से उतारी जा रहीं किताबें।


प्राथमिक स्कूल सरायमीरा में रखे पुस्तकों के बंडल।

# विधवा को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण

**छिबरामऊ।** एक विधवा महिला ने शादी का लालच देकर शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) को शिकायत दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उनके पति की मृत्यु वर्ष 2021 में हो गई थी। इसके बाद गांव के ही एक युवक ने सहानुभूति जताई और शादी का वादा किया। महिला के अनुसार युवक ने फरवरी 2026 में शादी करने का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में आरोपी अपने वादे से मुकर गया और किसी दूसरी महिला से संपर्क में आ गया। इस कारण उसने पीड़िता से बातचीत बंद कर दी। जब पीड़िता ने युवक के परिजनों से शिकायत की, तो उन्होंने अभद्रता की और धमकी भी दी। महिला ने बताया कि उन्होंने स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मजबूरन उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने कहा कि उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दोस्त को घर से ले जाकर हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका

संवाददाता, गुरसहायगंज / छिबरामऊ, कन्नौज

- परिजनों ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट


अवनीश कुमार।

**अमृत विचार।** एक युवक घर में चाय नाश्ता कर रहा था। इसी दौरान उसका दोस्त समेत तीन लोग आए और बहाने से साथ ले गए। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। उसका शव गुरसहायगंज के मझपुरवा में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला । मृतक के पिता की ओर से तीन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट गुरसहायगंज कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खरौली निवासी कोतवाल सिंह पुत्र मलखान सिंह ने थाने में शिकायत दी कि उसका पुत्र अवनीश कुमार उर्फ लल्ला (28) 22 मार्च को घर पर चाय नाश्ता कर रहा था।

शिवम सिंह उर्फ सोनू पुत्र कृपाल सिंह निवासी धनी नगरिया, थाना विशुनगढ़ और बबलू सिंह सहित एक अज्ञात के साथ चाय-नाश्ता कर रहा था। करीब 3:30 बजे ग्राम धनी नगरिया निवासी उसका दोस्त शिवम् आया और उसके पुत्र को अपने साथ ले गया। इसके बाद रात करीब 12 बजे थाना विशुनगढ़ पुलिस ने संजीव यादव के फोन पर सूचना दी कि मझपुरवा चौकी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। परिवार ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त लल्ला के रूप में की। पिता कोतवाल सिंह का कहना है कि उसके पुत्र की हत्या शिवम् उर्फ सोनू ने अपने साथी बबलू व अज्ञात के सहयोग से की और शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


अवनीश के रोते बिलखते परिजन।


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## सप्तम कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी – काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कालरात्रि: क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः**

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म में उम्रकैद की सजा

## पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाई सजा, 30 हजार रुपये जुर्माना भी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोप साबित होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट हरेंद्र नाथ ने दोषी को आजीवन कारावास के साथ ही 30 हजार रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की कैद और भुगतने का आदेश दिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे तथा मयंक द्विवेदी ने बताया कि 13 अप्रैल 2019 को गुरसहागंज कोतवाली में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि वह कस्बा समधन की रहने वाली है। उसके मोहल्ले का ही अहसान पुत्र यारू घर पर आता जाता था। 11 अप्रैल को वह घर आया और पुत्री (15) को स्कूल के बहाने से फुसलाकर भगा ले गया। विवेचना के दौरान पीड़िता की बरामदगी 16 अप्रैल 2019 को कर ली गई और जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया। रिपोर्ट में अपराध की पुष्टि के अलावा तमाम साक्ष्यों के साथ एक जुलाई 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया गया। इससे पहले जब पीड़िता के बयान लिए गए तो उसने बताया था कि 11 अप्रैल 2019 को वह सुबह सात बजे स्कूल जा रही थी। रास्ते में दंगल के मैदान के पास पहुंची तो गांव का ही रहने वाला अहसान मिला और उससे साथ चलने को कहा। उसने मना किया तो उसका जबरदस्ती हाथ पकड़कर टेंपो में बैठा लिया। वह रो रही थी तो टेंपो वाले ने कारण पूछा। इस पर आरोपी ने उसे अपनी बहन बता दिया। इसके बाद फर्रुखाबाद टेंपो से ले गया जहां से ट्रेन से निजामुद्दीन स्टेशन दिल्ली ले गया।



वहां एक कमरेमें रखा और उसके साथ गलत काम किया। वह चिल्लाई तो डांटा और मारापीटा। दो दिन तक कमरे में रखा और दोनों दिन-रात गलत काम काय। खाना पीना भी नहीं देता था। इसके बाद वापस लेकर आया और गुरसहायगंज उतारने की बात कही। गुरसहायगंज स्टेशन पर उतरते ही पुलिस आ गई थी और दोनों लोगों को थाने ले गई। साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार पर दोष सिद्ध अहसान को विशेष न्यायाधीश ने सजा तथा जुर्माने से दंडित किया।

## दरवाजे से बाइक चोरी

**कन्नौज।** घर के बाहर खडी बुलेट बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। रामपुर निवासी विपिन कुमार पुत्र सुभाष चंद्र ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 25 फरवरी को रात 11 से 03 बजे के बीच उसकी बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तनापुर गांव में मकान के बाहर खड़ी थी। रात को अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गये।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सौरिख।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के खरौली गांव निवासी विकास पुत्र राजपाल (18) सोमवार की शाम 5 बजे अपनी बाइक से बाजार से लौट रहा था। सौरिख-छिबरामऊ मार्ग पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रास्ते में खड़ी कार हटाने को कहा तो बुरी तरह पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लुधपुरी कांशीराम कालोनी निवासी मोहम्मद सुभान ने सदर कोतवाली में दिये शिकायती पत्रमें कहा कि वह अपना आटो लेकर ड्राइबर को देने जा रहा था। रास्ते में कार खड़ी थी। इससे आटो निकालने में दिक्कत हो रही थी। कहा तो मौके पर मौजूद चार लोगों ने गाली गलौज की। इससे वह चुपचाप चला गया। कुछ देर के बाद लौटा तो उक्त लोगों ने रास्ते में घेर कर उससे डंडों व बेल्टों से पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गया।

## एंबुलेंस चालक ने युवती के साथ की छेड़छाड़

**छिबरामऊ।** तालग्राम क्षेत्र के एक ग्राम से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहाँ सेवा के लिए बुलाई गई सरकारी एंबुलेंस के चालक पर युवती के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। मुड़िया निवासी एक महिला क्षेत्र में आशा हैं। सोमवार देर शाम उनके पास एक कॉल आया कि क्षेत्र में एक महिला को प्रसव होना है जिसके लिए एंबुलेंस की आवश्यकता है। आशा की तबीयत खराब होने के कारण उसने अपनी बेटी से 102 नंबर पर फोन करवाकर एंबुलेंस बुलवाई। कुछ ही देर में एंबुलेंस आशा के घर पहुँच गई। माता की अस्वस्थता को देखते हुए युवती उनकी जगह मरीज की मदद के लिए एंबुलेंस से चल दी। आरोप है कि रास्ते में सुनसान जगह पाकर एंबुलेंस चालक ने युवती के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़ित युवती ने किसी तरह खुद को बचाया और मामले की जानकारी परिजनों को दी। युवती ने स्थानीय पुलिस थाने में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

विश्व क्षयरोग दिवस | मेडिकल कॉलेज के ओपीडी हाल में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर मेडिकल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नाटक मंचन के माध्यम से लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया गया।


मेडिकल कॉलेज में पोस्टर के माध्यम से जागरूकता फैलाते छात्र व स्टाफ। अमृत विचार

मंगलवार को राजकीय मेडिकल कालेज के ओपीडी के हाल में विश्व क्षय रोग दिवस के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें डॉक्टरों व मेडिकल छात्रों ने नाटक का मंचन कर मरीजों को जागरूक किया। टीबी एवं चेस्ट रोग विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक द्विवेदी ने रोग से जुड़ी समस्याओं के संबंध में बताया कि इस वर्ष की टीबी डे का थीम, 'यस वी कैन' है। टीबी या तपेदिक अब लाइलाज बीमारी नहीं है। समय से जांच तथा नियमित इलाज से यह पूरी तरह से ठीक की जा सकती है। कई हफ्तों तक बुखार आना, भूख में कमी तथा लगातार वजन में गिरावट तपेदिक के लक्षण हो सकते हैं। इस लिए नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर बलगम व एक्सरे की जांच करा सकते हैं। टी बी के मरीजों को सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवाई मिलती है । टीबी मुक्त भारत बन सके इसलिए घर-घर जाकर रोगियों की जांच कर पहचान की जा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डॉ. सी. पी. पाल, सीएमएस डा. दिलीप सिंह, डॉक्टर विपुल सिंह विभागाध्यक्ष मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. सैफ, अनीश, डॉ. अमरीश मिश्रा, डॉ. वैभव सिंह, पीजी रेजिडेंट एवं इंटर्न ने भी प्रतिभाग किया।




## न्यूज ब्रीफ

### इलाज का खर्च मांगने पर की गाली-गलौज

इटावा। बलरई थाने में ध्रुव सिंह निवासी अंडावली ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि तीन मार्च को वह दुकान से सामान लेकर लौट रहा था, तभी गांव के ही धर्मवीर व योगेश ने बाइक से शराब के नशे में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी अस्पताल में इलाज के बाद जब खर्च मांगा तो बाइक चालक ने गाली-गलौज की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### दुर्घटना में कार चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

इटावा। थाना सिविल लाइंस में नेपाल के लुंबिनी जिले की मनीषा गुहा ने थाने में तहरीर दी। इसमें बताया कि उसके पति 15 मार्च को आईटीआई चौराहे स्थित रेस्टोरेंट पर जा रहे थे। रास्ते में हाईवे पर कार ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में इलाज के दौरान पति का निधन हो गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार चालक की जांच में जुट गई है।

### परिजनों के साथ मिल कर की मारपीट

इटावा। घटिया अजमत अली निवासी अनवार अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि रविवार शाम सात बजे उसके घर के बाहर आसिफ, एजाज, लियाकत व पौंदा शराब के नशे में आकर गाली-गलौज करने लगे। रोकने पर सभी परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खेलते गिरफ्तार

इटावा। उपनिरीक्षक काशिफ हनीफ ने मुखबिर की सूचना पर मोहम्मद कामिल निवासी मोहल्ला शाहगंज को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 सट्टा पर्ची समेत एक दफ्ती और नकद 1510 रुपये बरामद किए। पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### ट्रेन से गिरकर घायल

भरथना। रेलवे स्टेशन भरथना पर एक वृद्ध ट्रेन से उतरने के दौरान गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे आरपीएफ कर्मियों ने घायल वृद्ध को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया। जानकारी के अनुसार शिववीर औरैया फफूंद रेलवे स्टेशन से कानपुर इटावा मेमू पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर भरथना आ रहे थे। भरथना पहुंचने पर वृद्ध ट्रेन से नीचे उतर रहे थे तभी उतरते समय ट्रेन अचानक चल दी जिससे वह प्लेटफार्म पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर यात्रियों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। आरपीएफ कर्मियों ने घायल वृद्ध को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया। बताया जा रहा है कि वृद्ध शिव वीर भरथना कस्बे की एक धर्मशाला में रुकते है तथा कस्बे की दुकानों पर नींबू मिर्च के नजर बट्टे बनाकर बेचने का काम करते हैं।

### ऑटो की टक्कर से चाचा भतीजा घायल

भरथना। कस्बा के भरथना ऊसराहार मार्ग पर बाइक सवार चाचा भतीजे को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय निवासियों की मदद से घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया, जहां गंभीर हालत होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव भोली निवासी भूरे पुत्र बुधु उम्र करीब 32 वर्ष अपने भतीजे सुखवीर पुत्र रामपाल के साथ बाइक पर सवार होकर रात करीब साढ़े दस बजे भरथना से अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी ऊसराहार मार्ग पर पुराना भरथना स्थित झडैला पुलिया के समीप सामने से आ रहे तेज रफ़्तार ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की गंभीर हालत होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### शराब के नशे में की मारपीट

जालौन। शराब के नशे में पिता व पड़ोसी के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया निवासी मुखराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा प्रिंस गलत संगत में बिगड़ गया है। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद करता है। आरोप लगाया कि सोमवार की शाम वह शराब के नशे में घर आया और विवाद करते हुए गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट कर दी। उधर, मोहल्ला फर्दनवीस निवासी धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले का ही अमित कुमार शराब के नशे में गाली, गलौज कर रहा था। मना करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित व्यक्तियों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# प्रभारी मंत्री ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन

## सरकार की लाभकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की बात कही

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने जिला अस्पताल, टीबी अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने विश्व क्षय रोग दिवस के अंतर्गत टीबी मुक्त व्यक्तियों को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह, निश्चय पोषण एवं पोटली वितरण की। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री ने विकास भवन में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया एवं स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई। साथ ही गोदभराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी कराया।

राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में विभिन्न विभागों के लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रचार प्रसार की प्रदर्शनी एवं सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है तथा विभिन्न विभागों में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सिफारिश आधारित व्यवस्थाओं के स्थान पर अब पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने 'पीएम राहत' योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिसके अंतर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के उपचार हेतु निर्धारित अस्पतालों में 1.5 लाख रुपये तक का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

प्रभारी मंत्री ने "नव निर्माण के नौ वर्ष" विकास पुस्तिका का विमोचन किया और पात्र लाभार्थियों को टैबलेट वितरित किये। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रशस्ती पत्र एवं चेक वितरित किए। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त के पश्चात प्रभारी मंत्री ने पंचनद कैफे कुनैरा का उद्घाटन किया

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने किया। कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।



उद्घाटन के अवसर पर मंच पर मौजूद प्रभारी मंत्री साथ में अन्य नेता। अमृत विचार

### पत्नी को फांसी पर लटकाने की कोशिश, बची जान

भरथना। क्षेत्र के एक गांव में घरेलू हिंसा का बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे फांसी पर लटकाने की कोशिश की। गनीमत रही कि बच्चों की चीख-पुकार से महिला की जान बच गई।

थाना क्षेत्र के गांव भिगसिया, थरी निवासी करीब 30 वर्षीय संगीता ने आरोप लगाया कि उसका पति शिव प्रताप अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है। सोमवार रात को भी उसने मारपीट की, लेकिन मामला यहीं नहीं रुका। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे फिर से विवाद हुआ। आरोप है कि इस दौरान शिव प्रताप ने संगीता को पीटकर कमरे की छत में लगे कुंडे में साड़ी का फंदा बनाकर उसके गले में डाल दिया और उसे फांसी पर लटका दिया। घटना के समय बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आरोपी पति ने खुद ही फंदा काट दिया और फरार हो गया। शोर सुनकर जेठानी पुष्पा देवी समेत अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भेजा। फिलहाल महिला का इलाज जारी है।


विहान बालिका विद्यालय के बच्चों को पाठ्य सामग्री देते शिवराज सिंह व अन्य।

## जायंट्स परिवार ने विद्यालय में कराया कन्या भोज

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। जायंट्स ग्रुप ऑफ़ दतावली डायमंड की निदेशक कुसुम गुप्ता के संयोजत्व में उनके पौत्र आदित्य गुप्ता के जन्मदिन पर नवरात्रि पर विहान आवासीय बालिका विद्यालय में 51 छात्राओं में प्रत्येक को 5 नोट बुक, ड्राइंग सेट एवं वाटर बोतल का सेट एवं फल वितरण किया।

ऊषा यादव सदस्य विशेष समिति के संयोजकत्व में नवरात्री के पर्व पर जायंट्स ग्रूप ऑफ़ दतावली द्वारा विहान आवासीय बालिका विद्यालय में आवासित 51 कन्या एवं स्टॉफ को भोज कराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शिव राज सिंह यादव ने जायंट्स ग्रुप ऑफ़ दतावली एवं दतावली डायमंड के आयोजन को सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया। ऊषा यादव ने कहा विहान विद्यालय में जायंट्स परिवार द्वारा समय समय पर इस तरह के आयोजन होते रहेंगे। विद्यालय की वार्डन मीना त्यागी ने आदित्य गुप्ता को जन्मदिन पर शानदार आयोजन के लिए डॉ शिवराज सिंह यादव, ऊषा यादव, कुसुम गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, कृष्णा शर्मा, विमल कुमार सिंह, ललित सक्सेना, दीप सिंह यादव, सुषमा यादव समेत समस्त जायंट्स परिवार का आभार व्यक्त किया। कुसुम गुप्ता ने जायट्स परिवार के साथ विद्यालय के स्टॉफ सुमन लता, आंचल सिंह, नीलम, रमन यादव के सराहनीय योगदान हेतु आभार व्यक्त किया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत दो लोग गंभीर

जसवंतनगर। मंगलवार को सुबह थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कलवारी कचोरा रोड पर एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार तीन लोग ईंट ढोने वाली घोड़ा-बुग्गी से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार अभिषेक यादव (18 वर्ष) पुत्र सरवर सिंह यादव निवासी ग्राम भीखनपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गुड्डी (45 वर्ष) पत्नी रमेश चंद्र निवासी अमृतपुर थाना बसरेहर तथा भारती उर्फ शालिनी (19 वर्ष) पुत्री शिशुपाल सिंह निवासी ग्राम भीखनपुर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण मोटरसाइकिल का घोड़ा-बुग्गी से टकराना बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## एसटीपी की खराब स्थिति पर सीडीओ हुए नाराज

- प्लांट को जल्द से जल्द चालू कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला गंगा समिति, पौधरोपण समिति एवं पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में पर्यावरण संरक्षण, सीवेज प्रबंधन, ठोस एवं जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण तथा नदी संरक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई

मुख्य विकास अधिकारी ने नदियों में बहने वाले ठोस अपशिष्ट की रोकथाम की स्थिति की समीक्षा करते हुए पाया कि करनपुरा स्थित झरना नाला से संबंधित 10.44 एवं 10.45 एमएलडी क्षमता के एसटीपी निरीक्षण के दौरान बंद पाए गए। साथ ही टिक्सी नाले में अत्यधिक ठोस अपशिष्ट जमा होने के कारण जल प्रवाह में गंभीर अवरोध उत्पन्न हो गया है। उन्होंने नगर निगम को नाला साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभाग को तत्काल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा विभागीय निदेशक को पत्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। सीवरेज उपचार के अंतर्गत मौजा उमरैन स्थित 13.5 एमएलडी एसटीपी की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये व्यय होने के बावजूद यदि संयंत्र संचालित नहीं है तो यह गंभीर लापरवाही है, जिसे तत्काल ठीक कराया जाए।नदी किनारे कूड़ा फेंके जाने की समस्या पर उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं तथा लोगों को जागरूक किया जाए। यमुना नदी के किनारे ग्राम सुनवारा के निकट अवैध खनन की शिकायत पर उन्होंने सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि पकड़े गए वाहनों को जब्त किया जाए तथा सतत निगरानी रखी जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, डीएफओ विकास नायक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिजली उपभोक्ता की मौत पर सक्रिय हुई कांग्रेस

भरथना। कस्बा के महावीर नगर मोहल्ले में बिजली उपभोक्ता शिवपाल सिंह कश्यप की सदमे से हुई मौत के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी सक्रिय हो गई है।

कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बुधवार 25 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा। यह प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में महावीर नगर स्थित पीड़ित के घर पहुंचेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेगा और शोकाकुल परिवार को सांत्वना देगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों का जायजा लेकर आगे की रणनीति और आवश्यक कदमों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं कांग्रेसियों का कहना है कि पीड़ित के पक्ष पूरी कांग्रेस दम खम के साथ खड़ी है।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर बहन की मौत व भाई गंभीर

संवाददाता जसवन्तनगर इटावा

अमृत विचार। मंगलवार दोपहर को राष्ट्रीय राजमार्ग पर मॉर्डन तहसील के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठी महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भाई घायल हो गया।

मंगलवार को मैनपुरी जिले के ग्राम नगला देवी निवासी अवधेश अपनी 23 वर्षीय बहन श्रद्धा पत्नी नबाब सिंह को उसकी ससुराल विचपुरी छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वह मॉर्डन तहसील के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी श्रद्धा सड़क पर गिर गई और ट्रक उसे रौंदते हुए भाग गया, जिससे उसकी मौत हो गई,जबकि भाई अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमल भाटी, उपनिरीक्षक मनीष कुमार व शिवशंकर सिंह व एनएचएआई इंसीडेंट मैनेजर सुनीत चौहान एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे और घायल अवधेश को इलाज हेतु अस्पताल भेजा।


हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़ व मृतका की फाइल फोटो अमृत विचार

### खारजा पुल के पास खाईं में गिरी कार, पांच घायल

जसवंतनगर। प्राचीन ब्रह्माणी देवी मंदिर से दर्शन कर देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सोमवार की रात खारजा झाल पुल के पास अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इसमें सवार महिलाएं, बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। बलरई थाना क्षेत्र के लखेरे कुआं चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर निवासी अनिल चौहान परिवार के साथ ब्रह्माणी मंदिर दर्शन कर वापस लौट रहे थे। कार में उनकी पत्नी कांति देवी, साली कामिनी, भांजी परी और शालिनी पत्नी दीपक चौहान सवार थीं। बताया गया कि जैसे ही कार मंदिर के पीछे पीहरपुर गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित खारजा झाल पुल के पास पहुंची, सड़क और झाल के किनारे पर बनी खाई में अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे कार सवार सभी लोग घायल हो गए। गनीमत रही खारजा झाल में पानी कम था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में कार सवार पांचों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। साथ ही क्षतिग्रस्त कार को खाई से बाहर निकलवाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराया गया। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## प्रधान पति पर स्कॉर्पियो सवार लोगों ने किया हमला

संवाददाता भरथना इटावा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव नगला मुलू में प्रधानपति के ऊपर हमला हुआ, जिससे वह घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रधान पति को घायल अवस्था में उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। क्षेत्र के गांव नगला मुलू मल्हौसी निवासी सर्वेश कुमार पुत्र स्व. बेचे लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी पत्नी दस वर्षों से निरंतर ग्राम प्रधान है। देर शाम मैं चंदनपुर गांव में एक गमी में शामिल होकर अपने गांव जा रहा था। तभी मल्हौसी पुल पर स्कॉर्पियो सवार चार लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि नामजदों ने हमले के दौरान दो राउंड फायर भी किए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रधान पति को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भिजवाया। पुलिस मामले मामले की जांच में जुट गई है। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए अपराध निरीक्षक अरिमर्दन सिंह ने बताया कि प्रधानपति के साथ मारपीट हुई है किंतु फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई है। घटना की जांच की जा रही है।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना में मौजूद प्रधानपति।

### पेंशनर आज देंगे डीएम को ज्ञापन

इटावा। पूर्व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ एवं पेंशनर सदस्य आफताब हुसैन ने कहा है कि आज 25 मार्च को जिले के समस्त पेंशनर्स कचहरी प्रांगण में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। आठवें वेतन में पेंशनर्स को अलग रखा गया है इसमें पेंशनर्स को बहुत ही बड़ा नुकसान होगा और पेंशनर्स के इसके अलावा कोई सहारा नहीं है। उन्होंने सभी पेंशनरों से अपील की है कि 25 मार्च को प्रात: 10 बजे कचहरी पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद–कन्नौज**

संख्या 1171 न0पा0प0, गुर0गंज (2025–26) दिनांक 24.03.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज नगर में विभिन्न स्थलों पर स्थापित वॉटर कूलर एवं जाली में रंगाई पुताई एवं लिखावट का कार्य कराना चाहती है जो भी फर्म उक्त आपूर्ति करने के इच्छुक हों वह अपना सीलबन्द कुटेशन नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कार्यालय में दिनांक 31.03.2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ध्यान रखें निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त कुटेशनों को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

कुटेशन सम्बन्धी नियम व शर्तें पालिका में किसी भी कार्यदिवस में देखी व पढी जा सकती हैं।

(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी
(मुन्नी देवी) अध्यक्ष

जरा याद करो कुर्बानी | युवा अधिवक्ताओं ने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की मनाई पुण्य तिथि

## शहीद दिवस पर शहीदों के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। युवा अधिवक्ताओं ने डीबीए हॉल में अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की पुण्य तिथि पर शहीदों को याद कर शहीद दिवस का आयोजन किया। वहा पर मौजूद लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके शौर्य का बखान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ यशवीर, विशिष्ट अतिथि शांति स्वरूप पाठक एड. पूर्व अध्यक्ष डीबीए, राजेश त्रिपाठी एड. अध्यक्ष डीबीए, शिवकुमार शुक्ला एड. डीजीसी क्राइम, बृजानन्द शर्मा सेवा निवृत्ति प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज व नितिन तिवारी एड. महामंत्री डीबीए उपस्थित रहे। मुख्य अथिति ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर व भारत माता के अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया। मुख्य अथिति व विशिष्ठ अतिथियों सहित आशीष तिवारी एडवोकेट द्वारा अमर शहीदों पर अपने अपने विचार प्रकट किये गये। कार्यक्रम का संचालन अम्बरीश पाण्डेय व विवेक राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिको का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रामेन्द्र प्रकाश मिश्रा एडवोकेट, अमित चौरसिया एड., आशीष मिश्रा एड., मनीष कुमार बघेल एड., अनिल कश्यप एड., गौरव दुबे एड.,अनुराग दुबे एड., मनोज शंखवार एड., अश्वनी सिंह, मयंक विधौलिया आदि लोग उपस्थित रहे।



शहीद दिवस के अवसर पर मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत धनौरी विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक: 24.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिचाई विभाग एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनौरी में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत धनौरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 24.03.2026 से 30.03.2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य +टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | लक्ष्मी लुहार के घर से मधु प्रजापति के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 3,15,891.00 लाख रू0 | 6317.00 रूपये | (250 + 50) रूपये | 3 माह |

अन्य शर्तें–
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत धनौरी
विकास खण्ड – गोहाण्ड (हमीरपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल

**बिधूना, औरैया।** जनपद के बिधूना क्षेत्र में अग्निकांड की एक घटना का पीड़ित पिछले लंबे समय से न्याय के लिए विभिन्न कार्यालयों के लगातार चक्कर लगा रहा है। आज वह दुर्घटना का शिकार हो गया। 23 मार्च को पीड़ित जिलाधिकारी कार्यालय ककोर से अपने प्रकरण के संबंध में मिलकर रात्रि लगभग 8 :30 बजे दिबियापुर रोड स्थित महमाई मंदिर के पास अपने घर बिधूना वापस लौट रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार हेतु उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।


घायल युवक।

### ब्राह्मकुमारी ने प्रस्तुत की नौ देवियों की झांकी

**फफूंद, औरैया ।** कस्बे के सेठ सत्य प्रकाश के हाता में स्थित मार्केट परिसर में ब्रह्माकुमारी के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चैतन्य देवी दर्शन एवं आध्यात्मिक ज्ञान का कार्यक्रम सम्पन्न किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रति दिन देवियों के नये नये रूपों एवं नौ देवियों के एक साथ साक्षात दर्शन करने का भक्तों को सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। बीती देर सांय देवियों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। ब्रह्माकुमारी की बीके ऊषा बहन ने बताया कि देवी देवता कहां रहते है एवं इस घरा पर कब और किस रूप में आते है और वर्तमान समय वो कहां है। कार्यक्रम आयोजक बी .के रिया बहन ने बताया कि कार्यक्रम मे सायं7 बजे आरती और आध्यात्मिक प्रदर्शनी समय सांय 6 से सांय 7 बजे तक है और 8 बजे से 9 बजे तक प्रवचन व देवियों की झांकी प्रस्तुत की जाती है।


मां दुर्गा के रूप में सजी बालिका।

### श्री बाला जी हनुमत यज्ञ का आयोजन 2 से

**कालपी जालौन।** नगर के सिद्धपीठ श्री छंगे आश्रम, हनुमान मन्दिर में जन्मोत्सव पर हनुमत यज्ञ एवं शिव महापुराण का आयोजन होगा। यह अयोजन 2 अप्रैल से शुरू होगा । इसमें तमाम सन्त एवं महन्त शामिल होंगे। मंगलवार को मन्दिर के महन्त मनीष पांडे की अगुवाई में मन्दिर परिसर मे बैठक का आयोजन हुआ जिसमे कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई ।

# ऑटो-डंपर की भिड़ंत में दो की मौत, तीन गंभीर घायल

## अछल्दा के गांव पूर्वा फकीरे के रहने वाले थे सभी मृतक , बाह-इटावा मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** पाता चौकी क्षेत्र के गांव पूर्वा फकीरे के पांच लोग सोमवार रात ऑटो से काम पर जा रहे थे, तभी रास्ते में दर्दनाक हादसा हो गया। बाह-इटावा मार्ग पर कमल नयन कोल्ड स्टोरेज के पास ऑटो और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव पूर्वा फकीरे निवासी पांच लोग रात करीब 8 बजे ऑटो से लाह काटने के लिए जैतपुर कलां (जिला आगरा) जा रहे थे। जैसे ही उनका ऑटो थाना चित्राहाट क्षेत्र के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखचे उड़ गए। हादसे में भगवान सिंह (30) पुत्र महाराज सिंह और चन्द्र प्रकाश (35) पुत्र आत्माराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अखिलेश कुमार पुत्र विशम्भर दयाल, ब्रजेश कुमार पुत्र रामकिशन और छोटे पुत्र वनवारी लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार



भगवान सिंह। चंद्र प्रकाश।

बताया गया कि हादसे के करीब 30 मिनट बाद रात 10:30 बजे मृतक चन्द्र प्रकाश के मोबाइल पर उनकी पत्नी का फोन आया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक भगवान सिंह अपने पीछे पत्नी विमला देवी और दो छोटे बच्चों 6 वर्षीय राज और 5 माह के पुनीत को छोड़ गए हैं। वहीं चन्द्र प्रकाश अपने पीछे पत्नी पिंकी, पुत्र गोपाल (15 वर्ष), पुत्री दिव्या (17 वर्ष) और बड़ी पुत्री कुमकुम (विवाहित) को छोड़ गए हैं। पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाइक फिसलने से दो घायल, तीसरे दिन एक की गई जान

■ **अछल्दा, औरैया।** जर्जर अछल्दा-अंधियारी मार्ग पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया था। योगीराज महाविद्यालय के पास करीब 3 :40 बजे खराब सड़क के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत स्थानीय और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इलाज के दौरान भैसोल गांव निवासी सुघर सिंह पुत्र राम औतार की सोमवार सुबह करीब 5 बजे मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी और हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी।

### मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देख झूमे श्रद्धालु

**फफूंद, औरैया।** फफूंद क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम जैतपुर स्थित सुप्रसिद्ध महामाया मंगलाकाली धाम मंदिर के प्रांगण में चल रहे भव्य रासलीला महोत्सव में भक्ति, श्रद्धा और कला का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव में बीती रात वृन्दावन के विख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 'मयूर नृत्य' ने उपस्थित जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। आदर्श बाल कृष्ण रासलीला मण्डल, श्री बांके बिहारी कॉलोनी (वृन्दावन) के कलाकारों ने जैसे ही राधा-कृष्ण के प्रेम के प्रतीक 'मयूर नृत्य' का मंचन प्रारंभ किया, पूरा परिसर 'राधे-राधे' के जयघोष से गूंज उठा। रंग-बिरंगे परिधानों और मोर पंखों से सुसज्जित कलाकारों की थिरकन ने दर्शकों को द्वापर युग की याद दिला दी। भक्तिमय धुनों पर थिरकते कलाकारों की कलात्मकता देख श्रद्धालु अपनी सुध-बुध खो बैठे और भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम के आयोजक आचार्य अर्पण शुक्ला महाराज ने बताया कि नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें सेवा और श्रद्धा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि मयूर नृत्य भगवान की प्रकृति के प्रति प्रेम और दिव्यता को दर्शाता है।

# गैंगस्टर मामले में कमलेश पाठक को 6 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता औरैया

● न्यायालय ने पूर्व मंत्री पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री व पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक को गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने दोषी ठहराते हुए 6 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसी मामले में अन्य 8 आरोपियों को 5-5 साल की सजा और 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड दिया गया है। वहीं, पाठक के गनर अवनीश प्रताप सिंह को गैंगस्टर मामले में दोषमुक्त कर दिया गया है। यह फैसला एमपी-एमएलए कोर्ट (एफटीसी द्वितीय) द्वारा सुनाया गया। सभी आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि हत्या का मुख्य मामला अभी अदालत में विचाराधीन है।

घटना 15 मार्च 2020 की है, जो शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर की करीब एक बीघा जमीन पर कब्जे के विवाद से जुड़ी है। इस जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने थे। एक पक्ष में कमलेश पाठक और उनके समर्थक थे, जबकि दूसरे पक्ष में अधिवक्ता मंजूल चौबे और उनकी बहन, सरकारी शिक्षिका सुधा चौबे शामिल थीं। विवाद के दौरान कथित रूप से कमलेश पाठक पक्ष की ओर से फायरिंग की



गई, जिसमें मंजूल चौबे और सुधा चौबे की गोली लगने से मौत हो गई। इस दोहरे हत्याकांड के बाद औरैया कोतवाली में धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में कमलेश पाठक, उनके भाई संतोष पाठक समेत कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया था। बाद में चार्जशीट दाखिल कर 10 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया, जबकि एक आरोपी नाबालिग होने के कारण उसका मामला जुवेनाइल कोर्ट में भेजा गया। फैसले में कमलेश पाठक समेत 9 लोगों को सजा सुनाई गई है, जबकि गनर अवनीश प्रताप सिंह को गैंगस्टर केस से बरी कर दिया गया है। हालांकि, हत्या के मामले में सभी आरोपियों पर मुकदमा अभी जारी रहेगा।

# विज्ञान के ज्ञान के लिये हुए रवाना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● जिला विज्ञान क्लब द्वारा शैक्षिक भ्रमण का आयोजन

● डीएम ने हरी झंडी दिखाई और छात्रों को गिफ्ट बैग दिये

**अमृत विचार।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में व जिलाधिकारी के निर्देशन पर जिला विज्ञान क्लब औरैया द्वारा जिले के माध्यमिक स्तर के मेधावी छात्र व छात्राएं शैक्षिक भ्रमण हेतु मंगलवार को कानपुर रवाना किये गए।

डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी ने डीआईओएस प्रदीप कुमार मौर्य की मौजूदगी में जिला मुख्यालय ककोर से दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभी छात्र व छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु गिफ्ट बैग भी भेंट किए। डीएम ने बच्चों को स्नेह देते हुए उनको शैक्षिक भ्रमण के दौरान परिवेश व विज्ञान से जुड़ी जानकारियों को इकट्ठा करना और स्वयं प्रैक्टिकल ज्ञान से जोड़ने के बारे में कहा। डीआईओएस ने भ्रमण के दौरान छात्रों को परिवेश से जुड़कर विज्ञान के प्रयोगों को समझने और आत्मसात करने को कहा। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक मोहित सिंह ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराने वाले जिले के 27 स्कूलों के 106 मेधावी विद्यार्थियों को कानपुर में महत्वपूर्ण औद्योगिक व शैक्षिक संस्थानों, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा। आईआईटी शिक्षा सोपान आश्रम में पदम् श्री प्रोफेसर एच सी वर्मा व उनके निर्देशन में वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम होगा। इस दौरान जिला विज्ञान क्लब के रामेंद्र कुशवाहा, मुहीत सिद्दीकी, ज्ञान प्रकाश, विकास सक्सेना, प्रीति त्रिपाठी, कमलकांत पॉल आदि रहे।



हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना करते डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

# पाक कला प्रतियोगिता में सुमित्रा रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पीएम पोषण योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन मंगलवार को दिबियापुर विकास खंड भाग्यनगर स्थित अवंती रिसॉर्ट में किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर चयनित 30 रसोइयों ने अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं रसोइयों के कौशल को निखारने के साथ-साथ विद्यालयों में दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक आहार मिलेगा, जो उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होगा।


पाक कला प्रतियोगिता में अपने हुनर दिखातीं रसोइया। अमृत विचार

● पीएम पोषण योजना के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में रसोइयों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सुमित्रा देवी (यूपीएस जवाहरपुर, सहार) ने दाल-रोटी बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें 3500 रुपये का पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान सुमन देवी (पीएम श्री पाता, अछल्दा) को राजमा-पूड़ी के लिए 2500 रुपये तथा तृतीय स्थान सुनीता देवी (प्राथमिक विद्यालय गुरुहाई नं. 1) को छोले-चावल के लिए 1500 रुपये प्रदान किए गए। इसके अलावा अन्य 27 प्रतिभागियों को 300-300 रुपये की सांत्वना राशि, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय, जीजीआईसी दिबियापुर की प्रधानाचार्य संध्या राजपूत, गृह विज्ञान प्रवक्ता विनीता (जीजीआईसी बिधूना) एवं स्वास्थ्य एवं शिक्षा अधिकारी विवेक कुमार त्रिवेदी शामिल रहे।

इस मौके पर जिला समन्वयक एमडीएम नमन कुमार पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य रसोइयों के कौशल को विकसित करना और पीएम पोषण योजना की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। आयोजन को सफल बनाने में कुलदीप सचान, अलका यादव, सुनील दत्त राजपूत, इंदु राजपूत, गरिमा गुप्ता सहित कई अधिकारियों व कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


जिला महामंत्री का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### जिला महामंत्री बनने पर मनु राजपूत का किया स्वागत

**फफूंद, औरैया।** भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री का फफूंद के चमनगंज में भव्य स्वागत किया गया। मंगलवार को चमनगंज स्थित आवास पर पहुंचे जिला महामंत्री मनु राजपूत का स्वागत करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपकर कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाया है। स्वागत से अभिभूत मनु राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रेम कुमार गुप्ता, मानवेंद्र पोरवाल, प्रमोद नारायण तिवारी, सुधीर दुबे, अरविंद पोरवाल, अमर सिंह, गोपाल कृष्ण मिश्रा, विशाल रंजन त्रिपाठी, श्याम नारायण गुप्ता आदि रहे।

# वेदिक हेरिटेज स्कूल के नए कैंपस का उद्घाटन आज

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए वेदिक हेरिटेज पब्लिक स्कूल के नए कैंपस का उद्घाटन आज 25 मार्च को दोपहर 1 बजे किया जाएगा।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह नया कैंपस आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जहां छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण, स्मार्ट क्लासरूम, अनुशासित माहौल और समग्र विकास के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में जिले के प्रमुख प्रशासनिक एवं राजनीतिक हस्तियों की मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी (आईएएस) शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष (भाजपा) भी उपस्थित रहेंगे। विद्यालय के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रबंध निदेशक देव प्रताप सिंह तथा प्रधानाचार्य दीप्ति सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि यह नया कैंपस छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।


वार्ता के दौरान जानकारी देते चेयरमैन व प्रबंधक। अमृत विचार

### पांच युवकों ने एक युवक को पीटा

**जालौन।** पांच युवकों ने रास्ता रोककर एक युवक की पिटाई कर दी थी। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला भवानीराम निवासी साजिद अंसारी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा रिहान अंसारी 18 मार्च को रात करीब 10 बजे घर आ रहा था। तभी सहावनाका निवासी रिहान मंसूरी व रापटगंज निवासी मुन्ना बरकाती एवं वासिल ने दो अज्ञात साथियों के साथ उसका रास्ता रोक लिया और उसे लाठी, डंडे, बेल्ट व चाकू से जमकर पीटा। मारपीट में बेटे को गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाल हरीशंकर चंद ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।


धू-धूकर जलती दुकान। अमृत विचार

### आग से 10 लाख का माल जलकर राख

**कालपी जालौन ।** सन्दिग्ध परिस्थितियों में कदौरा फाटक स्थित गूदढ गोदाम में आग लग गयी। सूचना के बाद भी दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। मोहल्ले वासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । लेकिन तब तक दस लाख से अधिक का माल जलकर खाक हो चुका था। मंगलवार दोपहर नगर के मुहल्ला आलमपुर स्थित कदौरा फाटक के पास गुडडन तिवारी के मकान में स्थित गूदढ गोदाम में अचानक धुंआ उठाने लगा था। मौके पर पहुंचे गूदढ विक्रेता राहुल कोष्टा ने मामले की सूचना अग्निशमन विभाग को दी थी। इसके बाद और लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया लेकिन तबतक आग पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया था। बाद में विस्फोट के साथ गोदाम की छत भी गिर गई थी। लेकिन जानकारी के बाद भी अग्निशमन विभाग मौके पर नहीं पहुंचा। हालांकि गोदाम मालिक ने पानी के संसाधनों के सहारे आग बुझाई लेकिन तबतक उसका काफी नुकसान हो गया।

**आस्था** | यमुना जयंती पर यमुना तट पर स्थित प्राचीन विश्रांत पर हुआ आयोजन

# यमुना जी की भव्य आरती में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● श्रद्धालुओं ने परिवार की सलामती के लिए यमुना मैया के चरणों में किया दीपदान

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में मंगलवार को प्रातः 7 बजे चैत नवरात्रि छठ यमुना जयंती के पावन अवसर पर यमुना तट पर स्थित प्राचीन विश्रांत पर यमुना आरती का दिव्य व भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अनूप कुमार गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवकुमार पुरवार जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा, औरैया मौजूद रहे।

अतिथियों ने यमुना मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ घंटा शंख आदि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ यमुना मैया की दिव्य आरती व यमुना मैया के जयघोष के साथ श्रद्धापूर्वक गुणगान किया। आयोजन के अंतर्गत समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यमुना का उद्गम यमुनोत्री से है, यमुनोत्री जाए बिना उस क्षेत्र की यात्रा अधूरी मानी जाती है। यमुना मैया की आरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने दीपदान कर अपने व अपने परिवार की सलामती, सुख-समृद्धि, शांति व संपन्नता हेतु अपनी आस्था का एक एक दीपक यमुना मैया के चरणों में समर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेविका का मंजू गुप्ता, मंगला शुक्ला, प्रिया गुप्ता, अंशु दीक्षित, रानी पोरवाल, मिथिलेश तिवारी, महिमा अग्रवाल, राखी गुप्ता, कुसुम, माया, सीता, उषा, देवमुनि पोरवाल, राकेश गुप्ता, विनोद पोरवाल, बैंक से सेवानिवृत तेज बहादुर वर्मा, शेखर गुप्ता, संतोष कुशवाहा, चिकित्सक एल.एन. गुप्ता, गुड्डन गुप्ता, अर्चना बिश्नोई, हिमांशु दुबे, राजीव अग्रवाल सुधीर कुमार, धर्मेश कुमार, अवधेश कुमार आदि आधा सैकड़ा से अधिक श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।


यमुना घाट पर आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### महिला ने लेखपाल पर लगाया आरोप

**बिधूना, औरैया।** एक विधवा महिला ने क्षेत्रीय लेखपाल की साठगांठ से अपने पति की बहनों पर अपने नाम समस्त चल अचल संपत्ति बरासत करा लिए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता प्रीती ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम भवानी पुर्वा बेला निवासी जितेंद्र कुमार के साथ 2010को उसका विवाह हुआ था शादी के एक साल के भीतर ही उसके पति का 15 अगस्त 2011 को निधन हो गया। 13 अगस्त 2011 को पुत्री पैदा हुई। बाद में उसकी दूसरी शादी धर्मेंद्र कुमार से अप्रैल 2012 कर दी गई। इनका भी 18 जुलाई 2018 को निधन हो गया। धर्मेंद्र से उसके एक पुत्र 2 नवम्बर 2013 में पैदा हुआ। पीड़िता ने कहा उसके पति धर्मेंद्र की बहनों ने उसकी संपत्ती अपने नाम करा लिया।

# 58 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महेवा में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें नगर के 7 जोड़ों तथा ब्लॉक क्षेत्र के 51 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर अपना जीवनसाथी चुना।

महेवा स्थित मदारी सिंह गुलजारी सिंह इण्टर कालेज में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बिनोद चतुर्वेदी ने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक नरेंद्र पाल सिंह जादौन ने भी वर तथा वधू पक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि वह एक साथ आधा सैकड़ा से अधिक जोड़ों की शादी में शामिल हो रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हर गरीब माता-पिता इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। 60,000 का दान सरकार द्वारा प्रति कन्या को दिया जाता है। इस दौरान बीडीओ अरूण कुमार सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में एक साथ 58 जोड़े गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे हैं यह उनके लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में मौजूद अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद कालपी अवनीश कुमार शुक्ल ने भी नव विवाहित जोड़ो को बधाई दी। इस मौके पर बब्बू भदौरिया , हरेन्द्र सिंह सेंगर, अंजला पाल जितेंद्र कुशवाहा ,जगदीश गोस्वामी, संजय श्रीवास्तव , कोतवाली प्रभारी अजय ब्रम्ह तिवारी मौजूद रहे।


वर वधू को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### पाथा देवी मंदिर की प्रतिमा चोरी, ग्रामीणों ने थाने में दी तहरीर

**बिवांर (हमीरपुर)।** अतरारा गांव के मंदिर में रखी पुरानी प्रतिमा की चोरी होने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थानाक्षेत्र के अतरार गांव में प्राथमिक विद्यालय परिसर में पुरानी पाथा देवी की प्रतिमा स्थापित है। जो गांव वालों के लिए आस्था का केंद्र होने से हर दिन पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं। नवरात्रि के चलते सुबह से गांव की महिलाओं की भीड़ एकत्र होकर पूजा अर्चना करती है। चोर सोमवार की रात मंदिर को सूना पाकर देवी प्रतिमा की चोरी कर अपने साथ ले गए। सुबह महिलाओं के पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर जाने पर देवी प्रतिमा को गायब मिलने चोरी की जानकारी हुई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। गांव के राकेश कुमार शुक्ला, अमित तिवारी, भरत शुक्ला, कामता, अतुल, पवन यादव आदि ने देवी प्रतिमा चोरी की थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### बीमारी से तंग वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

**पौथिया (हमीरपुर)।** ललपुरा थानाक्षेत्र के रूरीपारा गांव में बीमारी से तंग आकर वृद्धा ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रूरीपारा गांव निवासी लक्ष्मी देवी (60) पत्नी शिवशंकर ने मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे दिन में दीवार में लगे खूंटे में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के बेटे करण ने बताया मां लंबे समय से बीमार चल रही थी। सूना घर पाकर गंभीर बीमारी से तंग आकर यह फैसला लिया है। ललपुरा थाना प्रभारी राकेश कुमार सरोज ने बताया भौतिक सूचना के आधार पर शव का पंचनामा भरकर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जायगी।

### स्पोर्ट पार्क की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर में खेल सुविधाओं के अभाव को लेकर मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन की जिला इकाई ने पालिकाध्यक्ष राजा मोहम्मद श्रीनाथ को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली ने कहा कि आदर्श नगर पालिका होने के बावजूद मौदहा में स्पोर्ट पार्क नहीं है, जबकि गांवों तक में ऐसी सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने नगर में ओपन जिम व बच्चों के खेल उपकरणों सहित स्पोर्ट पार्क निर्माण की मांग की। इस मौके पर डॉ.सत्यहरी, सुमित वर्मा, आसिफ शकील समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### बाइक सवार बैलगाड़ी से टकरा कर घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** गांव से खंडेह जा रहा बाइक सवार युवक बैलगाड़ी से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया निवासी छोटू (28) पुत्र करणदास सोमवार की देर शाम अपने गांव से बाइक से खंडेह जा रहा था। तभी करहिया खंडेह मार्ग पर उसकी बाइक बैलगाड़ी के पीछे घुस गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से उसे लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आज

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत निर्देशक सेवायोजन निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा मां चौरा देवी परिसर में 25 मार्च दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की प्रतिष्ठित विभिन्न कंपनियों में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के पश्चात बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपनी इच्छानुसार आवेदन करें तथा अधिकाधिक संख्या में वह उपस्थित हो। मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियां तथा फोटो अवश्य लाए। अभ्यर्थी इस स्वर्णिम मौके का लाभ अवश्य उठाए।

## मां कात्यायनी की आराधना कर भक्तों ने मांगी खुशहाली

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के छठे दिन माँ कात्यायनी की आराधना के लिए जिलेभर के देवी मंदिरों और भव्य पंडालों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के चौरा देवी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की दर्शन के लिए लंबी कतारें लगीं, जहाँ देवी गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं देवी पंडालों में शाम की आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

शहर में यमुना तट स्थित चौरा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के छठवें दिन मंगलवार को भोर से ही भक्त नंगे पैर दर्शन करने पहुँचे, जहाँ भक्तों की भारी भीड़ से मेले जैसा माहौल बना रहा। वहीं सुभाष बाजार में सजे देवी पंडाल में आकर्षक सजावट के साथ सुबह-शाम आरती, अखंड रामायण और भजन कीर्तन का आयोजन होता रहा।यहां नवयुवक संघ द्वारा माता की सुंदर झांकियां सजाई गई हैं, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। जिले के लोग नवरात्रि के चलते देवी मां की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। दर्शन-पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का दौर भी शुरू हो गया है। कहीं अखंड रामायण तो कहीं पर कथा व मुंडन संस्कारों का आयोजन चल रहा है। देवी पंडालों में शाम के समय होने वाली आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।वहीं घरों में बोये गये जवारों के साथ ही माता की आराधना को लेकर अनंत ज्योति नौ दिनों के लिए जलाये हुए हैं।


सुभाष बाजार स्थित देवी पंडाल में आरती में शामिल भक्त। अमृत विचार

- दिन प्रतिदिन देवी मंदिरों व पंडालों में बढ़ रही भक्तों की संख्या

## आजादी के लिए प्राण देने वाले वीरों को किया नमन

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में सोमवार देर रात कस्बे के परनामी भवन में कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मां सरस्वती के पूजा अर्चना और वंदना के बाद भारत की स्वतंत्रता में प्राण न्योछावर करने वाले क्रांतिवीरों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीद दिवस मनाया गया। साथ ही शहीदों के सम्मान में देश के प्रति श्रद्धा निष्ठा और तन मन धन से पूर्ण समर्पण की शपथ ली गई।

कवि गोष्ठी के मुख्य अतिथि स्वामी नित्यानंद जी महाराज ने अपनी कंकर से शंकर रचनाकृति से चेतना के निराभाव में भी चेतन रहता है। ध्यान ज्ञान विज्ञान शोध कर तत्व उसे कहता है। पढ़ कर मंत्रमुग्ध करते हुए वातावरण सृजित किया। कवि गजेंद्र नारायण दीक्षित ने पढा 'मोक्ष'ने समता मूलक विश्व का, सबसे बड़ा विधान। कवि पत्रकार डा.गणेश सिंह 'विद्यार्थी' ने शहीदों की शहादत ने हमारे मुल्क को सवारा है। शायर वीरेंद्र कुमार 'शजर 'ने जलते हुए दिए को बुझाया न कीजिये गज़ल पढ़ कर वाहवाही लूटी। कवि नारायण प्रसाद रसिक ने डाल डाल से महुवा टपके, पात पात सुंदरता झलके। कवि राजेंद्र प्रेमी ने वियोगी अंदाज में तुम्हारे आने का एहसास, काश तुम होते मेरे पास गीत पढ़ कर शमा बांधा। इसके अलावा उपाध्यक्ष नीतिराज सिंह, मुन्नीलाल अवस्थी, उमेश कुमार सोनी ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

## जमीन बंटवारे को लेकर मारपीट

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के लींगा गांव में जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में परिवार के ही एक युवक को लाठी डंडों से जमकर मारापीटा। घायल ने कोतवाली में तहरीर दी है।

क्षेत्र के लींगा गांव निवासी भागवली पत्नी धनप्रसाद ने बताया कि मंगलवार को जमीन बंटवारे को लेकर उसके परिवार के तीन लोगों ने उसके पति के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उनके पति ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से उसके पति को मारापीटा। बताया कि जब उन्होंने अपने पति को बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी धक्का मुक्की की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। मारपीट में उनके पति को गंभीर चोटें आई हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# पांच दिवसीय हमीरपुर महोत्सव का शुभारंभ

### सदर विधायक ने फीता काटकर शुभारंभ किया, देश विदेश में प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके कलाकारों ने बिखेरी छटा

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय हमीरपुर महोत्सव 2026 का सोमवार की शाम सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देश विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कार्यक्रम में पंजाब के मशहूर गायक लखबीर सिंह लक्खा के भक्ति गीतों से लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

23 से 27 मार्च तक चलने वाले हमीरपुर महोत्सव 2026 के शुभारंभ के बाद सदर विधायक डा.मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, डीएम घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा आदि ने विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान पोल मलखंभ के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को आकर्षित कर लिया। इसके बाद पंजाब के भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने मां दुर्गा के आराधना कर भक्ति गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक शाहिद रिजवाना, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एएसपी मनोज कुमार, सीओ राजेश कमल, एसडीएम केडी शर्मा समेत पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त मौजूद रहे। वहीं मंगलवार की सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक कृषि, वन एवं उद्यान विभाग सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिसमें प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादन संघ, उद्यान एवं बागवानी, मत्स्य उत्पादक संघ, श्रेष्ठ पशुपालक एवं डेयरी समितियां, बुंदेली मिलेट्स एवं व्यंजन प्रतियोगी आदि शामिल हुए। शाम चार से छह बजे तक बुंदेली लोक नृत्य/गायन, अन्य प्रांतीय लोक गायन/वादन कार्यक्रम हुए। मंगलवार की रात को कोहिनूर लांगा गायन, कलर्स ऑफ इंडिया डांस ग्रुप, रेणुका पंवार हरियाणवी गायिका आदि कार्यक्रम हुए।



कार्यक्रम में कला का प्रदर्शन करते बच्चे। अमृत विचार



कार्यक्रम में भक्ति गीत प्रस्तुत करते लखबीर सिंह लक्खा। अमृत विचार

- पंजाब के मशहूर भजन गायक लखवीर सिंह लक्खा ने भक्ति गीतों से बांधा समां

## कर्मचारियों की उदासीनता के चलते शिविर बेमकसद साबित

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शासन के आदेश पर राशन कार्ड के लिए तैयार कराई जा रही फैमिली आईडी प्रचार प्रसार के अभाव के साथ कर्मचारियों की उदासीनता के चलते दम तोड़ रही है। लेखपाल महज खानापूर्ति कर रहे हैं।

कस्बे का टाउन हॉल में शासन के आदेश पर राशन कार्ड के लिए फैमिली आईडी बनाई जानी है। इसके लिए लेखपालों के साथ नगर पंचायत कर्मियों को लगाया गया है लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में यह योजना कस्बे में दम तोड़ रही है। लेखपाल ड्यूटी से नदारत है नगर पंचायत कर्मी कार्यालय में आने वाले लोगों को कॉमन सर्विस सेंटर जाने की सलाह दे रहे हैं। कस्बा निवासी किशन साहू, सचिन सिंह, सत्यम पांडे आदि ने बताया कि अगर कॉमन सर्विस सेंटर से ऑनलाइन करते हैं तो रुपए खर्च होंगे जबकि शासन की ओर से इसको निशुल्क बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कस्बे के दोनों लेखपाल मौके से नदारत थे। महज नगर पंचायत का एक कर्मी बैठा हुआ था। लेखपाल अशोक कुमार ने बताया कि वह करीब 2 घंटे नगर पंचायत में मौजूद रहे। प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी नगर पंचायत की है लोगों को बताया गया है कि वह खुद अपने मोबाइल से फैमिली आईडी बनाकर सेंड कर सकते हैं अथवा कॉमन सर्विस सेंटर से ऑनलाइन करा सकते हैं।


फैमिली आईडी शिविर में कार्य करते लेखपाल। अमृत विचार

- शिविर से गायब रहते हैं जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी

## मीट बनाने से मना करने पर युवक को मारा पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** जंगली सूअर का मीट न बनाने पर दो युवकों ने एक युवक पर अभद्रता करते हुए गले को अंगौछा से कसते हुए जान से मारने की कोशिश की। जिससे युवक अचेत हो गया। दोनों युवक उसको मृत जानकर मीट लेकर भाग गए। युवक ने दोनों युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थानाक्षेत्र के लदार गांव निवासी गुरु सिंह पुत्र सुंदर सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रात को गांव का कमतू पुत्र दृगपाल सिंह ने अपने साथी सीताराम पुत्र वृंदावन सिंह के साथ मिलकर जंगली सूअर को मार डाला और दोनों युवक उसका मीट लेकर उसके नलकूप में रात 11:00 बजे लेकर पहुंचे और मीट बनाने की बात कहने लगे। उसने बर्तन न होने के साथ नवरात्र के चलते मीट बनाने से इनकार कर दिया। जिस पर दोनों युवक उसके साथ अभद्रता करते हुए थप्पड़ घूंसों से मारपीट की और गले में पड़े अंगौछा को कसते हुए जान से मारने की कोशिश की।


समीक्षा बैठक लेतीं जिला पंचायत राज अधिकारी। अमृत विचार

## मौदहा में कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**मौदहा(हमीरपुर)।** ब्लॉक सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी सुबोध जोशी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें पंचायत कार्यों की प्रगति पर कड़ा रुख देखने को मिला। बैठक में मुस्करा व मौदहा क्षेत्र के सभी सचिव, इंजीनियर, सहायक विकास अधिकारी अमर सिंह व अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश कुमार धुरिया मौजूद रहे।

बैठक में केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि के उपयोग में आ रही समस्याओं और कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई गई। साथ ही ग्राम पंचायतों में ओएसआर की आय बढ़ाने पर जोर देते हुए सचिवों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। अप्रैल माह में चलने वाले संचारी रोग अभियान को लेकर भी विशेष रणनीति बनाई गई और साफ-सफाई, फॉगिंग व जागरूकता पर जोर दिया गया।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि ग्राम पंचायतों में जो भी निर्माण कार्य अधूरे हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जाएगी।

## ग्राम प्रधान की मौत से रतौली में कोहराम

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम रतौली प्रधान की अचानक मौत होने से गांव में मातम छा गया। अचानक हुई मौत गांव समेत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।


निर्भय सिंह।

विकासखंड के ग्राम रतौली निवासी निर्भय सिंह (38) पुत्र ओमकार पाल वर्तमान समय में ग्राम प्रधान है। सोमवार की रात वह अच्छा खासा खाना खा पीकर आराम से सो गए थे। सुबह देर तक न उठने पर जब उसकी पत्नी सुषमा ने उसे जगाने का प्रयास किया। लेकिन उसके न हिलने डुलने और न बोलने पर सुषमा दहाड़े मार कर रोने लगी। उसको बिलखता सुन आस पास के पड़ोसी भी एकत्रित हो गए। यह खबर गांव में फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

## सीसीटीवी लगवा डिजिटल इंडिया की तरफ कदम बढ़ाया

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के कुरारा देहात ग्राम पंचायत के युवा ग्राम प्रधान ने गांव के प्रत्येक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगवा कर डिजिटल इंडिया की तरफ कदम बढ़ाया है। कैमरा लग जाने से गतिविधियों पर नजर रहेगी।

कुरारा देहात ग्राम पंचायत के युवा ग्राम प्रधान अमित निषाद ने गांव की प्रत्येक गली में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिए है। इससे गांव में सुरक्षा का माहौल बनेगा। इन कैमरा से गांव हर गतिविधि पर नजर रहेगी। तथा डिजिटल इंडिया की तरफ कदम बढ़ा रहे है। ग्राम प्रधान अमित निषाद ने बताया कि गांव में लगे विद्युत पोल में कैमरा लगाए गए है। इनको इन एंगल से लगाए गए है, ताकि रास्ते में आने जाने वाले लोग कैमरे की नजर में रहेंगे। लोगों को सुरक्षा का एहसास होगा। ब्लॉक क्षेत्र की पहली ग्राम पंचायत है। जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।



ग्राम पंचायत में सीसीटीवी कैमरे लगाते।

### बच्चा न होने पर महिला ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के करगवां गांव की एक महिला ने अपने पति और सास पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। महिला का कहना था कि बच्चे न होने पर पति द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। रीता ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी शादी को सात साल हो गए हैं। इन सात सालों में उसके पति और सास उसे लगातार प्रताड़ित करते आ रहे हैं। महिला का आरोप है कि संतान न होने के कारण उसे आए दिन ताने मारे जाते हैं।

## बीमारियों से बचाव के लिए लगा टीका मासूम के लिए बना काल

**बिवांर हमीरपुर।** छानी कस्बे के परिषदीय स्कूल में शिविर लगाकर जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए लगाए गए ।टीके से चार माह के दुधमुंहे की मौत हो गई।

शिविर में छानी गांव निवासी शिवम शिवहरे के चार माह के पुत्र शिवेंद्र को भी टीका लगा था। शिवम ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों ने एक साथ तीन टीके लगाए थे। शिवम के मुताबिक दिन में तो बच्चा खेलता रहा, लेकिन मंगलवार को तड़के तीन बजे के आसपास जब उनकी आंख खुली तो बच्चे का शरीर नीला पड़ गया था। आनन-फानन में वह बच्चे को लेकर जिला अस्पताल भागे। जहां डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सोमवार को बच्चे को तीसरा टीका लगाया गया था। इससे पूर्व दो टीके लगे थे। पिता ने वैक्सीन को लेकर शंका जाहिर की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

**आयोजन** | ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया

## क्षय रोग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने लगाई चित्र प्रदर्शिनी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा क्षय रोग दिवस को लेकर चित्र प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शिनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष डा.इंद्रपाल सिंह और विशिष्ट अतिथि डा.रविंद्र सिंह एवं प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक आरपी सिंह एवं सह संयोजक डा.अनुराग दुबे ने विषय प्रवर्तन करते हुए छात्र छात्राओं को क्षय रोग से संरक्षण के लिए अपने विचार रखे। लोगों को संक्रमण से बचाने हेतु मास्क का प्रयोग, लोगों से दूरी एवं चिकित्सक की सलाह लेकर दवा का सेवन करने का आवाहन किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने क्षय रोग से बचने के लिए अपने विचारों को चित्र प्रदर्शिनी के माध्यम से प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि डा.इंद्रपाल सिंह ने क्षय रोग से होने वाली बीमारियों एवं उनके बचाव के बारे में बताया। कार्यक्रम में अमृता राजपूत, नंदनी सोनी, प्रिंसी, आकांक्षा और कोमल ने रंगोली सजाई। छात्र रामसिंह, कुनाल, गौरव, अनुराग तथा छात्रांए सुप्रिया सोनी, नंदिनी सोनी, अंशिका प्रजापति ने विचार रखे। इस मौके पर डा.हल्के प्रसाद, डा.उमेशचंद्र, डा.राजेंद्र कुमार, डा.ऋषि कुमार शर्मा, डा.विजय प्रताप, डा.आरबी शर्मा आदि लोग रहे। चित्र प्रदर्शिनी में निर्णायक मंडल ने प्रतीक्षा राठौर प्रथम, रिमझिम विश्वकर्मा द्वितीय और प्रीति ने तीसरा स्थान घोषित किया।



चित्र प्रदर्शिनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि डॉ.इंद्रपाल सिंह साथ में विशिष्ट अतिथि और प्राचार्य। अमृत विचार

## नकदी जेवरात लेकर युवती कस्बे से गायब

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के चांदथोक से एक युवती घर में मटर बेच कर रखे गए 25 हजार नकद सोने चांदी के जेवरात लेकर गायब हो गई है।

कस्बे की छोटी बाजार चांदथोक निवासी एक किसान ने बताया कि वह पत्नी के साथ खेतों में फसल की कटाई करने गया था। घर में बहू और पुत्री थी। शाम को 6:00 बजे घर लौटने पर बहू ने बताया कि पुत्री शाम 4:00 बजे से बिना बताए गायब है। आसपास में पता किया परंतु कोई सुराग नहीं लगा। किसान ने बताया कि पुत्री अपने साथ मटर बेचकर घर में रखे गए 25 हजार नगद, एक सोने की अंगूठी, कान के बाले, चांदी के पायल के साथ शैक्षिक अभिलेख साथ ले गई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच की जा रही है।

## नवोदय की प्रवेश परीक्षा में छानी के दो बच्चों का चयन

संवाददाता बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में श्री कृष्ण राज मंदिर बाल विद्यालय छानी बुजुर्ग के दो बच्चों का चयन होने पर विद्यालय स्टाफ ने फूल माला पहना कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

प्रधानाचार्य राकेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया की स्कूल के पांच बच्चों ने नवोदय जवाहर परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए भाग लिया था। जिसमें नैतिक ने जिले में 10 वीं रैंक व कबीर ने 68 वीं रैंक लाकर अपने विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है। बताया ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा की कमी नहीं है अगर इरादे पक्के हों तो संसाधनों की कमी आड़े नहीं आती। नैतिक और कबीर पढ़ने में काफी तेज तर्रार हैं। उनकी लगन को देखते हुई स्कूल ख़त्म होने के बाद उन्हें एक्सट्रा क्लास की व्यवस्था की गई थी। नैतिक के परिजनों ने बताया पिता किसानी कार्य करते है, गांव में अच्छी स्कूली शिक्षा की व्यवस्था न होने के कारण नैतिक अपनी मौसी के घर कल्ला में रहकर पढ़ाई कर रहा है। वहीं कबीर के पिता कानपुर में मजदरी करते हैं। बताया बेटे के नवोदय में सलेक्शन को लेकर बहुत खुश है।


छात्र नैतिक।


छात्र कबीर।

- विद्यालय स्टाफ ने फूल माला पहना कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग मामलों के दो वारंटी गिरफ्तार

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के एसआई अमरेंद्र सिंह ने वारंटी योगेंद्र तिवारी पुत्र श्यामलाल निवासी ताम्रबनी को गिरफ्तार किया। एसआई जंगबहादुर सिंह ने वारंटी श्याम सुंदर पटेल पुत्र शिवशंकर निवासी चितरागोकुलपुर को पकड़ा।

### शराब समेत युवक गिरफ्तार

सीतापुर (चित्रकूट)। चौकी प्रभारी खोही ने भूरा यादव पुत्र छोटा यादव निवासी रजोला (सतना) मप्र को 24 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### शिक्षामित्र के निधन पर जताया शोक

चित्रकूट। कंपोजिट विद्यालय चरदहा ब्लाक मानिकपुर के शिक्षामित्र धर्मराज यादव का बीमारी के चलते निधन हो गया। इससे शिक्षकों और शिक्षामित्रों में शोक है। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सर्वेश यादव ने बताया कि यह आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर थे। जो पैसा था, दवा में खर्च हो गया। अब इनके जाने के बाद घर परिवार में आर्थिक संकट है। इनके एक बेटा और एक बेटी है। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। विभाग से मदद की अपील की।

### अवैध शराब जब्त कर लहन नष्ट किया

चित्रकूट। जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में विभाग की टीम ने कोतवाली कर्वी अंतर्गत तरी मोहल्ला सीतापुर में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 30 लीटर अवैध शराब जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### जिला जज ने किया संप्रेक्षण गृह का मुआयना

चित्रकूट। जिला जज शेषमणि शुक्ला ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीओ अरविंद कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विदिशा भूषण भी रहीं। जिला जज ने किशोर अपचारियों से उनकी दिनचर्या जानी और शिक्षा पर ध्यान देने को प्रेरित किया। शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे इनको विशेष तकनीकी माध्यम से अंग्रेजी भाषा पढ़ना लिखना एवं बोलना सिखाएं। प्रत्येक अपचारी की हालिस्टिक डेवलपमेंट रिपोर्ट (प्रगति कार्ड) बनाने के लिए और गतिविधियों पर सूक्ष्म नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान वीर सिंह संस्था प्रभारी, अर्चना श्रीवास्तव सदस्य, दीपक कुमार काउंसलर आदि मौजूद रहे।

### विशेष किशोर पुलिस इकाई की गोष्ठी

चित्रकूट। पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक गोष्ठी की गई। थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कानून का उल्लंघन करने वाले बालक तथा पीड़ित की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंकपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, नगर निकाय, नगर पालिका या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए। अन्य जानकारी भी दी गईं। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ चंद्र सिंह महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# इन्वर्टर की बैटरी फटने से दुकान में लगी आग, लाखों का कपड़ा राख

## बरगढ़ में मंगलवार की दोपहर हुई घटना, एक घंटे बाद पहुंची छोटी दमकल वह भी खराब

संवाददाता, बरगढ़ चित्रकूट



दुकान के सामने लगी भीड़। अमृत विचार


दुकानदार राजकुमार रस्तोगी व यह हो गया बैटरी का हाल।

अमृत विचार। कपड़े की दुकान में लगी आग से लाखों का सामान राख के ढेर में तब्दील हो गया। दुकानदार के अनुसार, उसका लगभग सात लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह इन्वर्टर की बैटरी फटना माना जा रहा है।

कपड़ा व्यापारी राजकुमार रस्तोगी पुत्र रघुनाथ रस्तोगी का बरगढ़ बाजार में घर है। वहीं से लगभग पचास मीटर की दूरी पर उनकी कपड़ों की दुकान है। तीन मंजिल इमारत के तीसरी मंजिल में इन्होंने ठंड के कपड़ों और स्वेटरों को रखा था। बताया जाता है कि वहीं पर इन्वर्टर भी रखा था। मंगलवार की पूर्वाह्न लगभग 11 बजे तेज आवाज आने पर राजकुमार और अन्य लोग चौंक गए। नीचे दुकान से बाहर निकलकर देखा तो तीसरी मंजिल से आग की लपटें निकल रही थीं। लोगों की मदद से जबतक आग पर काबू पाया जाता, लाखों का कपड़ा धूधू कर आग की भेंट चढ़ चुका था। आग लगने की वजह इन्वर्टर की बैटरी का फटना माना जा रहा है। मौके पर सीओ फहद अली, थाना प्रभारी बरगढ़ शिवासरे मौके पर पहुंचे। दुकानदार राजकुमार रस्तोगी ने बताया कि लगभग सात लाख रुपये का माल जलकर राख हो गया। ठंड वाले कपड़े ऊपर वाली मंजिल में स्टोर कर दिए थे। वही सारे कपड़े राख हो गये।

### फिर सामने आई अग्निशमन विभाग की लापरवाही

- एक बार फिर अग्निशमन विभाग की लापरवाही सामने आई। लोगों ने बताया कि सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद दमकल की छोटी मशीन मौके पर पहुंची, हालांकि तबतक काफी हद तक आग पर काबू पाया जा चुका था। मशीन स्टार्ट न होने पर दो बड़े वाहन वहां पहुंचे पर तबतक आग बुझ चुकी थी। लोगों में दमकल विभाग के प्रति जबर्दस्त आक्रोश रहा। बरगढ़ प्रधान शैलेश शुक्ला ने बताया कि गनीमत रही कि आग पर जल्द काबू पा लिया गया नहीं तो अगल बगल भी कपड़े की दुकानें थीं, आग से और बड़ा हादसा हो सकता था।

### इन्वर्टर रखने में ये सावधानियां बरतें

- बिजली विभाग के जेई अजीत भट्ट ने बताया कि इन्वर्टर और बैटरी रखने में लोगों को सावधानियां बरतनी चाहिए, अन्यथा दुर्घटना होने का खतरा रहता है। बताया कि इन्वर्टर और बैटरी को ऐसी जगह रखना चाहिए, जहां आसपास काफी खाली स्पेस हो। इसके अलावा गर्म जगह पर इनको नहीं रखना चाहिए। साथ ही समय समय पर बैटरी का पानी भी चेक करते रहना चाहिए।


### बगरेही वन ब्लॉक में इको समिति गठित

चित्रकूट। रानीपुर टाइगर रिजर्व के अंतर्गत लालापुर बगरेही वन ब्लाक में पारिस्थितिक विकास समिति (इको डेवलेपमेंट कमेटी) का गठन किया गया। इसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। अर्चना देवी को ईडीसी का अध्यक्ष बनाया गया। बृजेश कुमार, विजय कुमार यादव, विनीता देवी और सरोज देवी को सदस्य चुना गया। इनके अलावा प्रशासनिक समन्वय और वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वन दरोगा रामौतार को समिति का सदस्य सचिव एवं कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालापुर में हुए चुनाव का पर्यवेक्षण उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रजन सिंह एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव ने किया। चुनाव में वन दरोगा करिश्मा, वन रक्षक शिवम व वनकर्मी रामनरेश का सहयोग रहा। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही समिति का औपचारिक पंजीकरण कराया जाएगा। इसके बाद समिति क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय निवासियों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने की दिशा में कार्य करना शुरू करेगी। आशा जताई कि इससे न केवल वनों पर निर्भरता कम होगी, बल्कि क्षेत्र में स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# साहब! मुझे पुलिस के चोरी के खुलासे पर ऐतबार नहीं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- भुक्तभोगी ने सीएम और अधिकारियों को भेजा पत्र


मूलचंद्र गुप्ता।

अमृत विचार। एक व्यक्ति को पुलिस के खुलासे पर भरोसा नहीं। उसके घर में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने करने का दावा किया पर उसका कहना है कि इसमें बरामद माल को पुलिस तो उसका बता रही है पर यह उसका है नहीं। उसने इस संबंध में मुख्यमंत्री के साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर गुहार लगाई है।

कर्वी कोतवाली अंतर्गत कछारपुरवा निवासी मूलचंद्र गुप्ता पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि वह टीवी मिस्त्री है। 24 फरवरी को उसके घर में चोरी हुई थी। तब वह सपरिवार निमंत्रण में गया था। चोर उसके घर से नकदी, गहने और अन्य सामान ले गए। उसने इस संबंध में 25 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि कुछ दिन पहले पुलिस ने चोरी का खुलासा करने का दावा किया। साथ ही अन्य चोरियों का भी खुलासा किया। मूलचंद्र का कहना है कि दो युवकों को चोरी का आरोपी बताया गया और वाहवाही लूटी गई। साथ ही उसके घर से चोरी गए गहनों को भी बरामद करने का दावा किया गया। जबकि वे उसके नहीं हैं। बताया कि अब पुलिस दबाव बना रही है कि वह इन गहनों को ले ले, जिससे केस खत्म किया जा सके। उसका यह भी कहना है कि पकड़े गए चोरी के आरोपियों और सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे आरोपियों का मिलान किया जाए तो सच सामने आ जाएगा। उसका यह भी कहना है कि उसने इस संबंध में पोर्टल में भी शिकायत की थी और उसका समाधान भी कर दिया गया। क्या समाधान किया गया, यह भी उसे नहीं बताया गया। उसने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए गुहार की है कि चोरी का सही खुलासा किया जाए।

### कवि सुनील सौम्य की पुस्तक का हुआ विमोचन

चित्रकूट। पं. रा. परहित सेवा संस्थान के बैनर तले चित्रकूट के कवि सुनील सौम्य की पुस्तक 'अगर तुम कहोश' का विमोचन किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक जुगुलकिशोर तिवारी ने कहा कि सुनील सौम्य चित्रकूट ही नहीं अपितु बुंदेलखंड के भी गौरव हैं। एसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि 'अगर तुम कहो' जहां एक ओर प्रेम को परिभाषित करती दिखाई देती है वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी दिखाई देती है। हमें चित्रकूट की ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना ही होगा। इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी अधिवक्ता अनिल मिश्रा, अध्यक्ष परहित सेवा संस्थान शंकर प्रसाद द्विवेदीसाहित्यकार मनोज द्विवेदी प्रबंधक अनुज हनुमत आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के बाद कवि सम्मेलन हुआ। इसमें वाराणसी के नागेश शांडिल्य, गाजीपुर के योगेश चौहान, गहमर के फजीहत गहमरी, प्रयागराज के दिनेश पांडेय, पन्ना के सौरभ श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ के अनूप दुबे, गाजीपुर के हेमंत निर्भीक और लखनऊ की संध्या त्रिपाठी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया।


प्रभारी मंत्री के साथ भाजपा की जिला इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

### विद्यालय प्रबंध समिति के लोगों का हुआ प्रशिक्षण

रामनगर। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों एवं सचिवों (प्रधानाध्यापकों) की प्रशिक्षण कार्यशाला मंगलवार को मां गायत्री देवी पब्लिक स्कूल में हुई। इसमें न्याय पंचायत रामपुर, रामनगर, छीबोंहन्ना तथा नादिन कुर्मियांन के विद्यालयों के प्रबंध समिति के अध्यक्षों और सचिवों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का आरंभ एनपी सिंह खंड शिक्षाधिकारी ने किया। बीईओ ने प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति के गठन के उद्देश्यविद्यालय संचालन में विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका पर चर्चा की गई।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते अनुज हनुमत। अमृत विचार

# भाजपा पदाधिकारियों को बताए दायित्व

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिला प्रभारी मंत्री और जिलाध्यक्ष ने दिए टिप्स

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में मंगलवार को जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंथ और जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने दायित्व का पाठ पढ़ाया। मनोहर लाल ने कहा कि पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे सोचें कि संगठन कैसे मजबूत हो और कैसे सरकार की योजनाएं जन जन तक पहुंचें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है। यहां बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है। अब पार्टी की बेहतरी के लिए सबको मिलकर काम करना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व में हम सब पर भरोसा करके हमें दायित्व सौंपा है। हम सबको मिलकर अपने दायित्व का सही निर्वहन करना है। सम्मान समारोह में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, रंजना उपाध्याय, चंद्रप्रकाश खरे, आनंद त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल, विपुल प्रताप सिंह, अश्विनी अवस्थी, अंजू वर्मा, मनोज तिवारी, पुष्पराज सिंह, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, सुशीला वर्मा, श्रवण पटेल, जवाहर सोनी, गौरव करवरिया, ओमप्रकाश मिश्र, माया प्रजापति, संजय पांडेय, अखिलेश रैकवार, राजेश रैकवार, प्रेमलाल बाल्मीकि, रवि गुप्ता, किशन अग्रहरि, राजेंद्र अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण इलाकों में रोडवेज बसों का हो संचालन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


अधिवक्ता विनय पाल।

अमृत विचार। हाईकोर्ट के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने परिवहन मंत्री को पत्र भेजकर जिले के ग्रामीण इलाकों में रोडवेज बस सेवा संचालित करने का अनुरोध किया है।

एडवोकेट पाल ने बताया कि चित्रकूट जिला प्रदेश का अत्यंत पिछड़ा जिला है। जिला मुख्यालय से कई महत्वपूर्ण ग्रामीण इलाकों के लिए नियमित बस सेवा उपलब्ध नहीं है। इससे ग्रामीण लोग परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पहाड़ी, ओबरी, कुचारम, चौरा, देवल, अगरहुंड़ा, रामपुर, नहरा, पिलखनी, ओरा, बसंतपुर, बसहर, दरसेड़ा, गढ़ौली, लमियारी आदि गांवों के लिए नियमित रोडवेज बसों का संचालन नहीं हो रहा। ऐसे में निजी बस चालक और डग्गामार वाहन मनचाहा किराया वसूलते हैं और ठसाठस सवारियां भरकर चलते हैं। अक्सर ऐसे में दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसके साथ इन गांवों को जुड़ाव पड़ोसी जिलों बांदा, फतेहपुर से है। ऐसे में रोडवेज बसों की आवश्यकता है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र के विकास की बजाय व्यक्तिगत हितों और विशेष समुदाय को फायदा देने का भी आरोप लगाया। अधिवक्ता ने प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।


कार्यक्रम में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी और अधिकारी। अमृत विचार

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

मानिकपुर। तहसील बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को तहसील सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज अनुराग कुरील ने मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र देव द्विवेदी, प्रद्युम्न कुमार दुबे रामेंद्र कुमार त्रिपाठी, लवकुश यादव की उपस्थिति में उप जिलाधिकारी मो. जसीम की अध्यक्षता में अध्यक्ष राममिलन यादव सचिव रामदीनेश द्विवेदी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं संतोष तिवारी पुत्र रघुवीर निवासी बेहटा खास विकास खण्ड छिबरामऊ थाना तालग्राम तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज। मेरे बडे भाई अशोक तिवारी पुत्र रघुवीर व भान्जे अमन पान्डेय, विकास पान्डेय पुत्र देवेन्द्र पान्डेय हिमान्शु अग्निहोत्री उर्फ दम्मी लाल पुत्र नामालूम उमेश तिवारी पुत्र रघुवीर व बहन संध्या पत्नी देवेन्द्र पान्डेय आदि लोग मेरी सम्पूर्ण सम्पत्ति पर बुरी नियत से जबरिया कब्जा करना चाहते है विरोध करने पर उक्त सभी लोग मिलकर मेरे घर में घुसकर मारते पीटते है इसलिये मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति को मरने के बाद अपनी पत्नी संतोष रानी तिवारी व बच्चों राहुल तिवारी, साक्षी तिवारी के नाम करता हूँ। मेरे मरने के बाद मेरी समस्त सम्पत्ति को मेरी पत्नी व बच्चे उपयोग करेंगे अन्य कोई नहीं। उपरोक्त सभी लोगो से मैं अपने सभी सम्बन्ध तोड रहा हूँ। आज से उपरोक्त सभी लोगो से मेरा कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है। अगर मेरे साथ कोई अनहोनी, घटन व सम्पत्ति का नुकसान होता है तो उसके जिम्मेदार उपरोक्त समस्त लोग होंगे।

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम सोबरन सिंह पुत्र नन्दलाल सिंह अंकित है जो कि शुद्ध व सही है। इसे विधिक – विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। सोबरन सिंह पुत्र नन्दलाल सिंह निवासी ग्राम बखरा परसौली कानपुर देहात

**सूचना**

मैं शुभ गुप्ता पुत्र अजीत कुमार गुप्ता निवासी मो0 इब्राहीमगंज डा0 अवस्थी वाली गली कस्बा व थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज। मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 23193230 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2024 अनुक्रमांक 23677109 के अंकपत्र वास्तव में कहीं गुम हो गये है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Hamidullah Khan से बदलकर Hamidullah रख लिया है। भविष्य में मुझे Hamidullah S/O Mohammad Rafeek के नाम से जाना व पहचाना जाए। Add- Devria Alawal, Gonda, Uttar Pradesh

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD KURBAN से बदलकर MO-KURBAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD AMEEN ADD-PREM NAGAR BARORA HUSAIN BARI NEAR AJEET GAIS GODAM CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD ANAS से बदलकर ANAS QAMAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-KAMRUDDIN ADD-TEDHI BAJAR, BANGARMAU, DIST-UNNAO-241501 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम KALIMULLA KHAN से बदलकर KALIMULLA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAMIULLA ADD-VILL-KADIPUR, MOTIPUR, DIST-LAKHIMPUR KHERI-262725 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम अमीर अहमद पुत्र कसीम दर्ज है, जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में तार बाबू पुत्र कसीम अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। प्राथह्र ड्राइविंग लाइसेंस में भी अमीर अहमद दर्ज करवाना चाहता है। मुझे अब अमीर अहमद पुत्र कसीम के नाम से जाना व पहचाना जाए। अमीर अहमद पुत्र कसीम घासीपुर, पोस्ट फखरपुर जिला बहराइच मो. नं. 9984572386

**सूचना**

पहले मेरा नाम फातिमा खातून (FATIMA KHATOON) था अब मैं अपना नाम बदल कर फातिमा बुतूल (FATIMA BUTOOL) रख रही हूँ अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। D/o- DILDAR HUSAIN KHAN, VILL AND POST-GORABARIK, Thana, KOTWALI NAGAR DIST-SULTANPUR U.P.- 228001

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218505743 में त्रुटिवस श्रेय सोनी दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में शौर्य सोनी दर्ज है। दोनों नाम मेरे पुत्र के है। अतः अब मेरे पुत्र को शौर्य सोनी के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पश्वलिसी में दर्ज किया जाए। सुरेश कुमार सोनी पुत्र देव नारायण निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली

**सूचना**

मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 9.2.2011 जो सब–रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में बुक संख्या 1 जिल्द 6252 में पेज 243 से 272 तथा क्रमांक 1329 पर पंजीकृत हुआ था। जिसके विक्रेता अवधेश कुमार आदि तथा क्रेता वीरेन्द्र सिंह थे जो कही खो गया है। जिसका काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला। प्रार्थी– कृष्ण मुरारी शुक्ला पुत्र बच्चा राम शुक्ला निवासी– माधोपुर (दामोदर पुरवा) परगना ग्वारीच, तहसील–, तरबगंज जिला गोण्डा।

**नीलामी सूचना**

दिनाँक 06–04–2026 मध्यान्ह 12.30 बजे कार्यालय सहायक आसूचना ब्यूरो, 110–माल एवे न्यू लखनऊ में निष्प्रयोज्य कम्प्यूटर/सहवर्ती उपकरणों, बैट्रियों आदि की नीलामी होगी। जिसमें केवल अधिकृत ई–वेस्ट, हैजर्डस, डिस्मेन्टलर एवं रिसाइकलर तथा जी0एस0टी0 पंजीकृत फर्मे, आधार, पैनकार्ड के साथ सिक्योरिटी रू0 5000.00 नगद, प्रातः 10.00–12.00 बजे तक जमाकर सामग्रियां निरीक्षण करने के उपरान्त प्रतिभाग करें आई0पी0 सिंह एण्ड सन्स

**सूचना**

मेरा एक किता मूल दस्तावेज बैनामा दिनांक 22.07.2008 जो सब–रजिस्टर कार्यालय गोण्डा में बुक संख्या 1 जिल्द 4886 में पेज 181 से 202 क्रमांक 7846 पंजीकृत हुआ था। जिसके विक्रेता श्रीमती कृष्ण कुंवरि तथा क्रेता जीत बहादुर सिंह थे, जो कही खो गया है। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा प्रार्थी0– मुनीन्द्र नाथ पाण्डेय पुत्र अश्वनी कुमार पाण्डेय, निवासी – 1400 गायत्री पुरम कालोनी, जिला गोण्डा।


अनियमितता | लघु सिंचाई विभाग पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

# कूप निर्माण और मरम्मत का काम सवालों के घेरे में

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट


इस कुंए के काम में ग्रामीणों को है आपत्ति। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में विकास कार्यों में विभागों पर अनियमितता के आरोप कोई नई बात नहीं है। अब मानिकपुर विकास खंड अंतर्गत निही चिरैया ग्राम पंचायत में लघु सिंचाई विभाग के तहत कराए जा रहे कूप निर्माण एवं मरम्मत के काम में भारी अनियमितताओं के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों के साथ लाभार्थी किसान ने विभागीय कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के मुताबिक, निही चिरैया गांव निवासी किसान वेंकटेश्वर दत्त पांडेय के खेत में विभाग द्वारा पूर्व में एक कूप का निर्माण कराया गया था, जो निर्माण के कुछ ही समय बाद ही ध्वस्त हो गया। अब उसी कूप की मरम्मत कराई जा रही है। लेकिन मरम्मत कार्य भी गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। कूप की दीवारें क्रशर डस्ट और सिंगल बोल्डर से खड़ी की जा रही हैं, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि यह केवल खानापूर्ति कर सरकारी धन के दुरुपयोग का प्रयास है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि इसी तरह घटिया निर्माण कार्य जारी रहा तो कूप अल्प समय में दोबारा ध्वस्त हो सकता है। मामले में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से पात्र किसानों तक पहुंच सके।

### अन्य गांवों में भी अनियमितता के आरोप

- ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अन्य गांवों में भी विभाग के कामों पर सवाल उठाए। बताया कि पाठा क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित कूपों में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। गहराई और चौड़ाई के मानक का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। बताय कि डोंडामाफी, अमचुरनेरुआ, छेरिहा खुर्द, टिकरिया, इटवा डुंडैला, बंभिया, ऊंचाडीह, निही चिरैया, चुरेह कसेरुआ, मऊ गुरदरी, करौंहा आदि गांवों में भी कूप निर्माण में मानक विहीन काम किया जा रहा है। भोलेभाले किसानों को बहला फुसलाकर कार्यपूर्ति के सहमति पत्र में हस्ताक्षर करा लिया जाता है।

### ठेकेदार पर कार्रवाई के लिए लिखा : एक्सईएन

- लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार मिश्रा ने भी आरोपों की पुष्टि की। बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिख दिया गया है और उस कुएं को गिराकर दोबारा बनवाया जाएगा।

### आकांक्षात्मक ब्लॉक में विकास के लिए डीएम सम्मानित

चित्रकूट। नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान में विकास खंड रामनगर में विकास के विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को पदक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुसार, आकांक्षात्मक विकास खंड रामनगर ने निर्धारित छह प्रमुख संकेतकों में से चार में 100 फीसदी सफलता प्राप्त की। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई और संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। जिलाधिकारी ने संपूर्णता अभियान की प्रगति की समीक्षा की। यह द्वितीय चरण 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इस चरण में भी सभी निर्धारित मानकों पर आकांक्षी ब्लाक को शतप्रतिशत संतृप्त किया जाए।

